अतिआवश्यक

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

पत्रांक – न0नि0 50–48/2025 4019

प्रेषक,

संजय कुमार (भा.प्र.से)
विशेष कार्य पदाधिकारी
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– जिला पदाधिकारी,
पटना।

पटना, दिनांक – 13.10.25

**विषयः विस्तारित नगर परिषद, फुलवारीशरीफ का जनसंख्या उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना के अधिसूचना संख्या– 3059 दिनांक–04.10.2025**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा नगर परिषद– फुलवारीशरीफ का क्षेत्र विस्तारित किया गया है। विस्तारित नगर परिषद, फुलवारीशरीफ में वर्ष– 2011 के जनगणना के अनुसार जनसंख्या की शुद्धता का मिलान किया जाना आवश्यक है।

अतः विस्तारित नगर परिषद, फुलवारीशरीफ में वर्ष– 2011 के जनगणना के अनुसार राजस्व ग्रामवार/वार्डवार जनसंख्या, जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं कुल जनसंख्या से संबंधित अभिलेखों के साथ विस्तारित नगर परिषद, फुलवारीशरीफ, पटना से संबंधित पदाधिकारी/ कर्मचारी को आयोग कार्यालय में दिनांक– 19.11.2025 को पूर्वाह्न– 11:00 बजे उपस्थित होने हेतु आदेश देने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

13/x/25

विशेष कार्य पदाधिकारी

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna-800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612-2507847 E-mail : secbihar@gmail.com

(6)

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

## अधिसूचना

संख्या–11/न0वि0/गठन–06/2025 3059 /बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) (यथासंशोधित) की धारा 3 (1) (ख), 4, 5, 6 एव 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल प्राप्त आपत्तियों पर सम्यक विचार करने के पश्चात, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए कॉलम 3 के अन्तर्गत आनेवाले पटना जिले के कॉलम 4 में वर्णित चौहद्दी (सीमाओं) के अन्दर नगर परिषद, फुलवारीशरीफ क्षेत्र का गठन करते है, जिसका प्रारूप विभागीय अधिसूचना संख्या–1591 दिनांक–03.06.2025 द्वारा पूर्व प्रकाशित है तथा उक्त क्षेत्र में उक्त अधिनियम के सुसंगत प्रावधान लागू होते हैं :–

| क्र0 सं0 | नगर निकाय का नाम | सम्मिलित ग्रामों का नाम/थाना नं0 | नगर निकाय की चौहद्दी (थाना नं0 सहित) | नगर परिषद का क्षेत्रफल | नगर परिषद की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| जिला का नाम–पटना | | | | | |
| 1 | नगर परिषद, फुलवारीशरीफ | नगर परिषद, फुलवारीशरीफ कुरकुरी (36), भुसौला दानापुर (40), नोहसा (38), नवादा (39) | उत्तर–सैदपुरा(51), सबजपुरा (53), खलीलपुरा (54), (दानापुर अंचल)<br>दक्षिण –आलमपुर गोनपुरा (68),हिन्दुनी(37) इस्माईलपुर ढिबड़ा (69)<br>पूरब– पहाड़पुर (14), बेऊर (33), बेतौड़ा (94), चिलबिल्ली (93)<br>पश्चिम–मोहम्मदपुर कोरजी (41),कोरजी(42),मुरादपुर(53) | 16.51 वर्ग कि0मी0 | 113594 |

इस क्षेत्र को नगर परिषद, फुलवारीशरीफ कहा जायेगा।

2. यह अधिसूचना तुंरत प्रवृत्त होगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

4/K/25

(अभय कुमार सिंह)

सरकार के सचिव।

(5)

ज्ञापांक—11 / न0वि0 / गठन—06 / 2025 3059 / न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक—04/10/25

**प्रतिलिपिः**—अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को, बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे प्रकाशित गजट की 200 प्रतियाँ नगर विकास एवं आवास विभाग को उपलब्ध कराई जाय।

4/10/25

**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक—11 / न0वि0 / गठन—06 / 2025 3059 / न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक—04/10/25

**प्रतिलिपिः**—माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव / माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / नगर आयुक्त, सभी नगर निगम / कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत / महालेखाकार, बिहार, पटना / स्थानीय लेखा परीक्षक, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/10/25

**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक—11 / न0वि0 / गठन—06 / 2025 3059 / न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक—04/10/25

**प्रतिलिपिः**—सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, सोन भवन, पटना / निदेशक, जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/10/25

**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक—11 / न0वि0 / गठन—06 / 2025 3059 / न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक—04/10/25

**प्रतिलिपिः**—सचिव के आप्त सचिव / सभी पदाधिकारी / आई0टी0 प्रबधंक, नगर विकास एव आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/10/25

**सरकार के सचिव।**